संख्या-22/2021/1274/78-2-2020-254एलसी/2019

प्रेषक,

अरविन्द कुमार,
अपर मुख्य सचिव ,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव/ सचिव, उ0प्र0 शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, उ0प्र0।
3. समस्त उद्योग संघ, उ0प्र0।

आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक: 23 सितम्बर, 2021

विषयः ''उत्तर प्रदेश डाटा सेन्टर नीति-2021'' के क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश।

महोदय,

आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-2, उत्तर प्रदेश शासन की अधिसूचना संख्या-4/2021/1792/78-2-254एलसी/2019 दिनाँक 28 जनवरी 2021 द्वारा ''उत्तर प्रदेश डाटा सेन्टर नीति-2021'' अधिसूचित की गई है। उक्त नीति निम्न शर्तों के अधीन लागू किए जाने का निर्णय लिया गया है।

1- परिचय-

1.1 इस शासनादेश को उत्तर प्रदेश डाटा सेन्टर नीति-2021 के क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश के नाम से जाना जायेगा।

1.2 उत्तर प्रदेश डाटा सेन्टर नीति-2021 उसकी अधिसूचना की तिथि से 5 वर्ष अथवा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा केाई नई नीति/संशोधन किए जाने तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगी। सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश इस नीति के अन्तर्गत आच्छादित है।

2- उद्देश्य -

''उत्तर प्रदेश डाटा सेन्टर नीति-2021'' का उद्देश्य वैश्विक तथा भारतीय निवेशकों से निवेश आकर्षित करके तथा डाटा सेन्टर उद्योग के स्थानीयकरण को सहयोग प्रदान करने के लिए एम.एस.एम.ई./स्टार्ट-अप्स को आकर्षित करके राज्य में एक विश्वस्तरीय डाटा सेन्टर ईकोसिस्टम का निर्माण करना है। इसके लक्ष्यों में राज्य में 250 मेगा वॉट डाटा सेन्टर उद्योग विकसित किया जाना, राज्य में रु 20,000 करोड़ का निवेश आकृष्ट करना तथा कम से कम 3 अत्याधुनिक निजी डाटा सेन्टर पार्क्स स्थापित किया जाना है।

3- परिभाषाएँ -

3.1 डाटा सेन्टर पार्क, डाटा सेन्टर इकाई तथा डाटा सेन्टर पार्क विकासकर्ता की परिभाषायें नीति के प्रस्तर-6 क्रमश: 6.1, 6.2 व 6.3 के अनुसार होगी। नीति के क्रियान्वयन हेतु अन्य परिभाषायें निम्नवत होगी।

3.2 **आवेदक/कम्पनीः** आवेदक को नीति के अन्तर्गत एक परियोजना स्थापित करने हेतु भारत में पंजीकृत एक विधिक इकाई होना चाहिए।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3.3 **"निवेश प्रस्ताव" (नि0प्र0):** निवेश प्रस्ताव का अभिप्राय है आवेदक द्वारा निवेश-मित्र पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत किया गया आवेदन जिसमें आवश्यक सूचनाओं, आवेदन शुल्क (यदि लागू हो) के साथ पूंजीगत व्यय, परियोजना की वित्तीय जानकारी, अनुमानित कारोबार, व्यवसाय योजना, ऋण-इक्विटी अनुपात, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रोजगार तथा उसके सहायक अभिलेख सम्मिलित हो। निवेश प्रस्ताव में आवेदक द्वारा मॉगे गये राजकोषीय तथा गैर-राजकोषीय प्रोत्साहनों का भी उल्लेख होना चाहिए।

3.4 **स्थिर पूॅजी निवेश**: का अर्थ है, निवेश की पात्र अवधि के दौरान संयंत्र और मशीनरी, MEP (Mechanical, Electrical, Plumbing), यूटीलिटीज, औजार और उपकरणों तथा सेवाएं प्रदान करने हेतु आवश्यक ऐसी ही किसी भी अन्य परिसम्पत्ति में किया गया निवेश। डाटा सेन्टर पार्क, डाटा सेन्टर यूनिट, डाटा सेन्टर पार्क डेवलपर के स्थिर पूॅजी निवेश के आगणन हेतु भवन एवं भूमि के मूल्य को शामिल नहीं किया जायेगा।

3.5 **अयोग्य पूॅजी निवेश**: निम्नलिखित को स्थिर पूॅजी निवेश की गणना हेतु स्वीकार नहीं किया जायेगाः-

I. कार्यशील पूॅजी
II. साख
III. रॉयल्टी
IV. प्रारम्भिक एवं संचालन-पूर्व व्यय
V. ब्याज का पूंजीकरण
VI. तकनीकी-ज्ञान शुल्क/परामर्शी-शुल्क
VII. कोई भी संयंत्र और मशीनरी जिसका भुगतान नकद में किया गया है।

3.6 **वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ होने की तिथि**: का अर्थ है वह तिथि जब प्रथम वाणिज्यिक बीजक निर्गत किया गया हो।

3.7 **विद्यमान इकाई का विस्तारीकरणः** का अर्थ है मौजूदा इकाई के क्षमता-वृद्वि, आधुनिकीकरण अथवा विविधीकरण के उद्देश्य से उसके संयंत्र और मशीनरी में स्थिर पूॅजी निवेश के मूल्य में अभिवृद्धि। विद्यमान इकाई के विस्तारीकरण हेतु नीति के अन्तर्गत कोई प्रोत्साहन नहीं प्रदान किया जायेगा।

3.8 **वित्तीय वर्षः** का अभिप्राय है कि वित्तीय वर्ष, कैलेण्डर वर्ष के 1 अप्रैल से आरम्भ होता है तथा अगले वर्ष 31 मार्च को समाप्त होता है।

3.9 **नोडल संस्थाः** का अर्थ है यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी), सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीनस्थ एक सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम। नोडल संस्था का पता प्रथम तल, नवचेतना केन्द्र, 10-अशोक मार्ग, लखनऊ-226001 है।

3.10 **प्रभावी तिथिः**- उत्तर प्रदेश डाटा सेन्टर नीति-2021 की प्रभावी तिथि, नीति को अधिसूचित किये जाने की तिथि अर्थात दिनांक 28 जनवरी 2021 होगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3.11 **बैधता अवधि:-** उत्तर प्रदेश डाटा सेन्टर नीति-2021 की बैधता अवधि उसकी अधिसूचना की तिथि दिनांक 28 जनवरी 2021 से 5वर्ष की अवधि अर्थात 27 जनवरी, 2026 तक अथवा उ0प्र0 सरकार द्वारा कोई नई नीति संशोधन किये जाने तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगी।

3.12 **लेटर ऑफ कम्फर्टः** लेटर ऑफ कम्फर्ट (Loc) का अभिप्राय है सक्षम प्राधिकारी द्वारा निवेशक की परियोजना पर स्वीकृति के उपरान्त नोडल संस्था द्वारा जारी किया गया आदेश-पत्रक। लेटर ऑफ कम्फर्ट में स्थिर पूँजी निवेश (FCI), भूमि, रोजगार तथा परियोजना के अन्य विवरण, सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित प्रोत्साहनों के साथ-साथ आवश्यक नियम तथा शर्तों का उल्लेख सम्मिलित होगा।

3.13 **सक्षम प्राधिकारी**: सक्षम प्राधिकारी का अभिप्राय निम्नानुसार है:-

3.13.1 **रु 200 करोड़ अथवा उससे कम निवेश:** ऐसे मामलों के लिए अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में गठित नीति कार्यान्वयन इकाई सक्षम प्राधिकारी है।

3.13.2 **रु 200 करोड़ से ऊपर निवेश**: ऐसे मामलों के लिए माननीय राज्य मँत्रिपरिषद सक्षम प्राधिकारी है, जिसके द्वारा नीति कार्यान्वयन इकाई एवं तत्पश्चात सशक्त समिति की संस्तुति के आधार पर परियोजनाओं पर स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

3.14 **बैंक/वित्तीय संस्थान**: भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित और अनुमोदित सभी अनुसूचित बैंकों और वित्तीय संस्थानों को स्वीकार किया जायेगा।

3.15 उत्तर प्रदेश डाटा सेन्टर नीति-2021 के अन्तर्गत नीति कार्यान्वयन इकाई का गठन अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग की अध्यक्षता में कार्यालय ज्ञाप संख्या 12/2021 /567 /78-2-20212/254 एलसी/2021 दिनांक 27-3-2021 के अनुसार किया गया है।

3.16 कार्यालय ज्ञाप संख्या 11/2021 /567 /78-2-20212/254 एलसी/2021 दिनांक 27-3-2021 के अनुसार मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में एक सशक्त समिति का गठन किया गया है, तथा इसमे अन्य सम्बन्धित विभागों के प्रतिनिधि है।

3.17 उत्तर प्रदेश डाटा सेन्टर नीति-2021 में अंगीकृत नियामक मानदण्डों को राज्य विनियमों के सर्वोत्तम उद्योग मानकों के अनुरूप रखे जाने हेतु नीति में अंगीकृत नियामक मानदण्डों में सुझाव तथा उद्योग और तकनीकी मानकों में उभरते रुझानों को अद्यतन करने हेतु राज्य सरकार के विभिन्न विभागों यथा अग्निशमन, लोक निर्माण, आवास एवं नगर नियोजन, वन, पर्यावरण आदि के प्रतिनिधित्व के साथ एक विशेष कार्यबल की स्थापना हेतु आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा यथासमय अधिसूचना जारी की जाएगी।

4 **सामान्य नियम एवं शर्तें**:- नीति के प्रस्तर 3 में निर्धारित सामान्य नियम एवं शर्तों के अतिरिक्त निम्नलिखित अन्य शर्तें भी निर्धारित की जाती हैं:-

4.1 विद्यमान इकाइयों की विस्तारीकरण/विविधीकरण की परियोजनायें/इकाइयॉ इस नीति के अन्तर्गत आच्छादित नहीं हैं।

4.2 इस नीति के अन्तर्गत प्रस्तावित वित्तीय प्रोत्साहन भारत सरकार द्वारा दिये जाने वाले प्रोत्साहनों से पृथक और उनके अतिरिक्त हैं। तथापि किसी भी इकाई को भारत सरकार और/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

अथवा प्रदेश सरकार की अन्य नीतियों/ योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त होने वाले प्रोत्साहनों को सम्मिलित करते हुए, समस्त स्त्रोतों से प्राप्त होने वाले वित्तीय प्रोत्साहन, जब तक कि नीति में अन्यथा विनिर्दिष्ट न हो, इकाई के स्थिर पूँजी निवेश के 100 प्रतिशत से अधिक नहीं होंगे।

4.3 डाटा सेन्टर पार्क्स और डाटा सेन्टर इकाई(यों) का विकास एक से अधिक चरणों में किया जा सकता है। परन्तु यथास्थिति सम्बन्धित इकाई को 'सभी चरणो' का उल्लेख ''निवेश प्रस्ताव'' में अनिवार्य रूप से करना होगा। नीति के अन्तर्गत वित्तीय प्रोत्साहनों का लाभ प्राप्त करने के लिए निवेश किए जाने के साथ-साथ वाणिज्यिक उत्पादन भी ''वैधता अवधि'' के अन्दर आरम्भ किया जाना अनिवार्य होगा। डाटा सेन्टर पार्क की स्थिति में न्यूनतम 40 मेगा वॉट क्षमता का वाणिज्यिक उत्पादन प्रथम चरण में किया जाना अनिवार्य होगा।

4.4 नीति में परिभाषित प्रत्येक क्षेत्र (बुंदेलखण्ड, पूर्वांचल, मध्यांचल तथा पश्चिमांचल) के अन्तर्गत आने वाले जनपदों की सूची **(संलग्नक-1)** में उल्लिखित है।

5 उ0प्र0 डाटा सेन्टर नीति के अन्तर्गत अनुमन्य वित्तीय प्रोत्साहन: -

5.1 **डाटा सेन्टर पार्क**

5.1.1 डाटा सेन्टर पार्क विकासकर्ताओं को वित्तीय प्रोत्साहन नीति के प्रस्तर 7.1 के अनुसार अनुमन्य होंगे।

5.1.2 उक्त वित्तीय प्रोत्साहनों में से नीति के प्रस्तर 7.1(ब) भूमि उपादान तथा 7.1(द) (प) दो ग्रिड लाइनों द्वारा विद्युत आपूर्ति में निर्धारित प्रोत्साहन सर्वप्रथम लेटर ऑफ कम्फर्ट प्राप्त करने वाले प्रथम 3 डाटा सेन्टर पार्क्स को ही अनुमन्य होंगे।

5.1.3 **स्टाम्प ड्यूटी**:- नीति के अन्तर्गत स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत अधिसूचना/शासनादेश के अधीन भूमि के क्रय/पट्टे पर लेने पर स्टाम्प ड्यूटी में 100 प्रतिशत छूट उपलब्ध होगी, जिसके लिए निम्नवत् प्रक्रिया होगी:-

5.1.3.1 सम्बन्धित निवेशक द्वारा स्टाम्प शुल्क से छूट के लिए सम्बन्धित जनपद के महाप्रबन्धक/ उपायुक्त, जिला उद्योग केन्द्र को आवेदन किया जायेगा। महाप्रबन्धक/उपायुक्त, जिला उद्योग केन्द्र द्वारा सत्यापन के उपरान्त जनपद का जिला मैजिस्ट्रेट अथवा जिला मैजिस्ट्रेट के अनुमोदन से महाप्रबन्धक/ उपायुक्त, जिला उद्योग केन्द्र ऐसे लिखत पर इस तथ्य की पुष्टि करने के प्रयोजन हेतु साक्षी के रूप में हस्ताक्षर करेगा कि हस्तान्तरण विलेख, निर्दिष्ट प्रयोजन हेतु निष्पादित किया जा रहा है (**संलग्नक-2**)।

5.1.3.2 ऐसे हस्तान्तरण विलेख/ पट्टा विलेख के निबन्धन के समय महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश के पक्ष में, स्टाम्प शुल्क की छूट के समतुल्य धनराशि की अप्रतिसंहरणीय बैंक प्रत्याभूति (बैंक गारण्टी) निबन्धनकर्ता अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाऐगी।

5.1.3.3 निवेशक द्वारा स्टाम्प शुल्क से छूट बैंक गारण्टी वाणिज्यिक परिचालन आरम्भ होने के पश्चात तथा सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग/ नोडल संस्था द्वारा इस तथ्य की पुष्टि **(संलग्नक-3)** किए

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

जाने पर कि सम्बन्धित इकाई द्वारा नीति के अधीन शर्तों का सम्यक अनुपालन कर दिया गया है, बैंक प्रत्याभूति को स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा अवमुक्त कर दिया जाएगा।

5.1.4 विद्युत आपूर्ति से सम्बन्धित प्रोत्साहनों हेतु आवेदन की प्रक्रिया के लिए ऊर्जा विभाग द्वारा पृथक से शासनादेश निर्गत किया जाएगा।

5.2 **डाटा सेन्टर इकाइयॉ**

5.2.1 डाटा सेन्टर इकाइयों को वित्तीय प्रोत्साहन उ0प्र0 डाटा सेन्टर नीति-2021 के प्रस्तर 7.2 के अनुसार अनुमन्य होंगे।

5.2.2 **स्टाम्प ड्यूटीः**- नीति के अन्तर्गत स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत अधिसूचना/शासनादेश के अधीन भूमि के क्रय/पट्टे पर प्राधिकरण/भू-स्वामी से डाटा सेन्टर इकाई को स्टाम्प शुल्क में 100 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क छूट उपलब्ध होगी, जिसकी प्रक्रिया निम्नवत् होगीः-

5.2.2.1 सम्बन्धित निवेशक द्वारा स्टाम्प शुल्क से छूट के लिए सम्बन्धित जनपद के महाप्रबन्धक/ उपायुक्त, जिला उद्योग केन्द्र को आवेदन किया जायेगा। महाप्रबन्धक/ उपायुक्त, जिला उद्योग केन्द्र द्वारा सत्यापन के उपरान्त जनपद का जिला मैजिस्ट्रेट अथवा जिला मैजिस्ट्रेट के अनुमोदन से महाप्रबन्धक/उपायुक्त, जिला उद्योग केन्द्र ऐसे लिखत पर इस तथ्य की पुष्टि करने के प्रयोजन हेतु साक्षी के रूप में हस्ताक्षर करेगा कि हस्तान्तरण विलेख, निर्दिष्ट प्रयोजन हेतु निष्पादित किया जा रहा है **(संलग्नक-2)**

5.2.2.2 ऐसे हस्तान्तरण विलेख/पट्टा विलेख के निबन्धन के समय महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश के पक्ष में, स्टाम्प शुल्क की छूट के समतुल्य धनराशि की अप्रतिसंहरणीय बैंक प्रत्याभूति (बैंक गारण्टी) निबन्धनकर्ता अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाऐगी।

5.2.2.3 निवेशक द्वारा स्टाम्प शुल्क से छूट बैंक गारण्टी वाणिज्यिक परिचालन आरम्भ होने के पश्चात तथा सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग/ नोडल संस्था द्वारा इस तथ्य की पुष्टि **(संलग्नक-3)** किए जाने पर कि सम्बन्धित इकाई द्वारा नीति के अधीन शर्तों का सम्यक अनुपालन कर दिया गया है, बैंक प्रत्याभूति को स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा अवमुक्त कर दिया जाएगा।

5.2.3 विद्युत आपूर्ति से सम्बन्धित प्रोत्साहनों हेतु आवेदन की प्रक्रिया के लिए ऊर्जा विभाग द्वारा पृथक से शासनादेश निर्गत किया जाएगा।

6 उत्तर प्रदेश डाटा सेन्टर नीति-2021 के अन्तर्गत अनुमन्य गैर वित्तीय प्रोत्साहन

6.1 गैर वित्तीय प्रोत्साहन नीति के प्रस्तर 8 के अनुसार अनुमन्य होंगे।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

6.2 राज्य में डाटा सेन्टर उद्योग को आवश्यक सेवा प्रदाता के रूप में आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम (ESMA) के अन्तर्गत वर्गीकृत करने के लिए पृथक से अधिसूचना जारी की जाएगी।

6.3 नीति के प्रस्तर 8.2, 8.3 तथा 8.5 (i) के अन्तर्गत प्रोत्साहन प्राप्त करने की प्रक्रिया हेतु औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा पृथक शासनादेश निर्गत किया जाएगा।

6.4 नीति के प्रस्तर 8.4 के अन्तर्गत अनुमन्य प्रोत्साहनों को प्राप्त करने की प्रक्रिया हेतु ऊर्जा विभाग द्वारा पृथक से शासनादेश निर्गत किया जाएगा।

6.5 नीति के अन्तर्गत लेटर ऑफ कम्फर्ट प्राप्त करने वाली इकाइयों को सरकारी विभागों और उनकी संस्थाओं/एजेन्सियों द्वारा अति प्रतिस्पर्द्धात्मक दरों पर क्लाउड स्टोरेज के सार्वजनिक क्रय में वरीयता प्रदान करने के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग द्वारा पृथक से शासनादेश निर्गत किया जाएगा।

6.6 नीति के प्रस्तर 8.5 (iii) तथा 8.5 (iv) में अनुमन्य प्रोत्साहनों हेतु प्रक्रिया के निर्धारण हेतु श्रम विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा पृथक से शासनादेश निर्गत किया जाएगा।

7 निवेश प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने की प्रक्रिया -

7.1 इस नीति के अन्तर्गत समस्त पात्र निवेशकों द्वारा ''निवेश प्रस्ताव'' स्वीकृति/ अनुमोदन हेतु निर्धारित प्रारूप **(संलग्नक-4)** के अनुसार राज्य के सिंगल विण्डो पोर्टल - 'निवेश मित्र' के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत किए जाएंगे।

7.2 निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट जिसमें निवेशक द्वारा प्रस्तावित प्रौद्योगिकी, वित्तीय व्यवस्था इत्यादि से सम्बन्धित सूचनायें/ अभिलेख प्रस्तुत किये गये हैं तथा अन्य दस्तावेजों का परीक्षण नोडल संस्था द्वारा किया जाएगा। इस क्रम में नोडल संस्था द्वारा-

7.2.1 आवेदन की पूर्णता, प्रासंगिकता तथा सहायक-प्रलेखों का परीक्षण किया जाएगा,

7.2.2 आवेदन की त्रुटियों तथा विसंगतियों का परीक्षण किया जाएगा,

7.2.3 आवेदन में किसी भी प्रकार की विसंगति या अपूर्णता के विषय में निवेशक को सूचित किया जाएगा तथा ऐसे प्रकरणों पर निवेशक से निवेश मित्र के माध्यम से पृच्छाओं के ऑनलाइन उत्तर प्राप्त किए जाएंगे,

7.2.4 उपर्युक्त परीक्षण के आधार पर नोडल संस्था द्वारा एजेण्डा नोट तैयार किया जाएगा।

8 निवेश प्रस्ताव की स्वीकृति/अनुमोदन की प्रक्रिया -

8.1 नोडल संस्था के प्रबन्ध निदेशक द्वारा एजेण्डा नोट नीति कार्यान्वयन इकाई के समक्ष विचार एवं अनुशंसा/अनुमोदन यथास्थिति हेतु प्रस्तुत किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

8.2 रू 200 करोड़ से कम अथवा समतुल्य निवेश वाले प्रस्ताव नीति कार्यान्वयन इकाई के समक्ष विचार एवं अनुमोदन प्रस्तुत किये जायेंगे और नीति कार्यान्वयन इकाई का अनुमोदन प्राप्त होने की दशा में शासन द्वारा जारी आदेशों के क्रम में नोडल संस्था द्वारा निवेशक को लेटर ऑफ कम्फर्ट (Loc) निर्गत किया जायेगा। अन्यथा की स्थिति में यथास्थिति से अवगत कराया जाएगा।

8.3 रु 200 करोड़ से अधिक निवेश वाले प्रस्तावों को नीति कार्यान्वयन इकाई की अनुशंसा पर सशक्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा तथा ऐसे निवेश प्रस्ताव सशक्त समिति की संस्तुति के उपरान्त मा. मँत्रिपरिषद के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किए जाएंगे।

8.4 रु 200 करोड़ से अधिक निवेश वाले प्रस्तावों पर मा. मँत्रिपरिषद का अनुमोदन प्राप्त होने की की दशा में शासन द्वारा जारी आदेशों के क्रम में नोडल संस्था द्वारा निवेशक को लेटर ऑफ कम्फर्ट (Loc) निर्गत किया जायेगा। अन्यथा की स्थिति में यथास्थिति से अवगत कराया जाएगा।

8.5 नीति कार्यान्वयन इकाई तथा/अथवा मा. मँत्रिपरिषद, जैसी भी स्थिति हो, के अनुमोदन एवं आवश्यक शासनादेश के निर्गमन उपरान्त लेटर ऑफ कम्फर्ट (Loc) प्रासंगिक नियमों और शर्तों के साथ-साथ, स्वीकृत लाभों के सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप पर निर्गत किया जायेगा।

8.6 लेटर ऑफ कम्फर्ट की प्रतियॉ जिला उद्योग केन्द्र, औद्योगिक विकास प्राधिकरण, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन तथा अन्य हितधारकों को पृष्ठांकित की जायेंगी।

8.7 लेटर ऑफ कम्फर्ट मे प्रदर्शित प्रोत्साहन राशि अनन्तिम होगी, जिसकी पुष्टि, दावा की गई वास्तविक राशि तथा प्राधिकारी द्वारा राशि स्वीकृति के समय किया जायेगा।

8.8 प्रोत्साहन के लाभ (परिमाण/अवधि) की सीमा समाप्त हो जाने अथवा नियमों और शर्तों के उल्लंघन पर, लेटर ऑफ कम्फर्ट को स्वतः निरस्त मान लिया जायेगा।

8.9 यदि निवेशक द्वारा प्रस्तुत की गई कोई भी सूचना असत्य पाई जाती है अथवा भौतिक तथ्यों को छुपाकर लाभ प्राप्त किया गया है तो लेटर ऑफ कम्फर्ट को निरस्त माना जायेगा तथा निवेशक/ कम्पनी को प्रदान किये गये सभी हितलाभ भू-राजस्व बकाये के रूप में वसूल किए जाएंगे, साथ ही निवेशक/ इकाई के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही भी अमल में लायी जायेगी।

8.10 लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी होने के 6 माह के अन्दर कम्पनी द्वारा निवेश प्रारम्भ कर दिया जाना चाहिए, यद्यपि असाधारण परिस्थितियों में निवेशक इकाई के अनुरोध पर नीति कार्यान्वयन इकाई द्वारा अतिरिक्त समय प्रदान किए जाने पर विचार किया जा सकता है। वर्णित अवधि के पश्चात, नोडल संस्था को लेटर ऑफ कम्फर्ट निरस्त करने का अधिकार होगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

9 **मूल्यांकन टिप्पणी (Appraisal Note):** -

निवेशक को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी होने की तिथि से 6 माह के भीतर अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को छोड़कर) अथवा इस प्रकार के बैंकों अथवा केन्द्र सरकार द्वारा नियंत्रित वित्तीय संस्थान द्वारा तैयार की गई मूल्यांकन टिप्पणी (appraisal note) की एक प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। ऐसा उन परिस्थितियों में भी करना होगा, जब उद्यम द्वारा किसी वित्तीय संस्थान/बैंक से कोई ऋण प्राप्त नहीं किया जा रहा हो।

10 प्रोत्साहन संवितरण -

10.1 ऐसे निवेशक, जिनको लेटर ऑफ कम्फर्ट प्रदान किया गया है, वे तद्नुसार विभिन्न मदों में अनुमन्यताओं का स्पष्ट विवरण देते हुए संवितरण हेतु अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप **(संलग्नक-5)** के अनुसार निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से नोडल संस्था को ऑनलाइन जमा करेंगे। ऑन लाइन आवेदन के अतिरिक्त चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट/कम्पनी सचिव के प्रमाण-पत्र, शपथ-पत्र, समझौते/ अनुबन्ध, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी0पी0आर0) तथा आवेदन से सम्बन्धित अन्य सहायक प्रलेखों की हार्ड कॉपी नोडल संस्था में जमा करनी होगी।

10.2 वित्तीय प्रोत्साहनों का आवेदन वित्तीय वर्ष में अर्द्धवार्षिक रूप से किया जा सकता है। निवेशक द्वारा अप्रैल-सितम्बर, अक्तूबर-मार्च की अवधि हेतु आवेदन छमाही समाप्त होने के 60 दिनों के भीतर प्रस्तुत किये जाने चाहिए।

10.3 यदि इकाई अस्थायी रूप से बन्द होती है और वाणिज्यिक संचालन 6 माह से अधिक अवधि हेतु बन्द रहता है तो उस दौरान जबकि संचालन बन्द है, प्रोत्साहन संवितरण हेतु आवेदन नहीं किया जा सकेगा।

10.4 प्रोत्साहन संवितरण हेतु प्राप्त आवेदनों के स्थलीय निरीक्षण, अभिलेखों के परीक्षण आदि के लिए नोडल संस्था द्वारा सूचीबद्ध संस्थाएं जिसमें सी.ए.जी. से पंजीकृत चार्टर्ड एकाउन्टेण्ट्स/ मान्यता प्राप्त वैल्युअर्स/ विशेषज्ञ अभियन्ता/ विशेषज्ञ संस्थान होंगे, को आबद्ध किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त नोडल संस्था द्वारा यथाआवश्यकता किसी अन्य विभाग के विशेषज्ञ प्रतिनिधि को भी मूल्यांकन में सहायता हेतु आमंत्रित किया जा सकेगा। निवेशक द्वारा वित्तीय प्रोत्साहनों के दावे के सापेक्ष प्रस्तुत प्रलेखों/ प्रमाणपत्रों के आधार पर भवन-निर्माण तथा पूंजी निवेश की वास्तविक स्थिति, बैंकों/वित्तीय संस्थानों से प्राप्त ऋण के सापेक्ष देय/अदा किये गये ब्याज की स्थिति से सम्बन्धित अभिलेखों का परीक्षण कराया जाएगा। आबद्ध संस्था/ विशेषज्ञ द्वारा आवश्यकतानुसार उद्यम के स्थलीय निरीक्षण, मशीनरी एवं संयंत्रों के भौतिक सत्यापन एवं अभिलेखों के परीक्षण के उपरान्त प्रमाणित करते हुए नोडल संस्था को सत्यापित आख्या प्रस्तुत की जाएगी।

10.5 अनुमोदन/ अस्वीकृति/ अनुशंसा के मामले में, विवरण लिखित रूप में अंकित किया जायेगा। आबद्ध संस्था/ विशेषज्ञ द्वारा प्रस्तुत की गयी रिपोर्ट तथा बैंक रिपोर्ट के मूल्यांकन के बीच दृष्टिगत किसी अन्तर के मामले में उसका उपयुक्त औचित्य, लिखित रूप में अंकित किया जायेगा। किसी दृष्टिगत अन्तर के मामले में निवेशक को

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

स्पष्टीकरण देने और अतिरिक्त अभिलेख/ सूचना, यदि कोई हो, प्रस्तुत करने का अवसर दिया जायेगा।

10.6 नीति के अन्तर्गत प्रोत्साहन हेतु निवेशक द्वारा प्रस्तुत दावे का मूल्यांकन तथा प्रलेखों का प्रमाणीकरण मूल्यांकन एजेन्सी से कराने के उपरान्त अपने स्तर पर आश्वस्त होकर नोडल संस्था द्वारा प्रस्ताव सक्षम स्तर पर प्रस्तुत करने के लिए एजेण्डा नोट तैयार किया जाएगा।

10.7 नोडल संस्था के प्रबन्ध निदेशक द्वारा एजेण्डा नोट यथास्थिति हेतु निम्न के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

(अ) रू 200 करोड़ से कम अथवा समतुल्य निवेश वाले प्रकरण नीति कार्यान्वयन इकाई के समक्ष विचार एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये जायेंगे। उक्त समिति के अनुमोदन उपरान्त शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में स्वीकृत धनराशि नोडल संस्था द्वारा अवमुक्त की जायेगी।

(ब) रु 200 करोड़ से अधिक निवेश वाले प्रकरणों को प्रथम संवितरण हेतु नीति कार्यान्वयन इकाई के पश्चात सशक्त समिति के विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा। सक्षम स्तर के अनुमोदन उपरान्त, शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में स्वीकृत धनराशि नोडल संस्था द्वारा अवमुक्त की जायेगी।

10.8 रु 200 करोड़ से अधिक निवेश वाले प्रकरणों को सशक्त समिति की संस्तुति के पश्चात मा. मँत्रिपरिषद के समक्ष केवल प्रथम संवितरण हेतु ही प्रस्तुत किया जायेगा। तत्पश्चात अनुवर्ती वितरण नीति कार्यान्वयन इकाई के ही अनुमोदन के पश्चात किए जायेंगे।

10.9 निवेशक को समस्त भुगतान ई-पेमेन्ट/एन.ई.एफ.टी./आर.टी.जी.एस. द्वारा सीधे उसके खाते में किया जायेगा।

10.10 सभी अस्वीकृत आवेदनों की सूचना नोडल संस्था द्वारा, निवेशक को सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्णय के 30 दिन के अन्दर लिखित रूप में दी जायेगी।

10.11 जानबूझकर व्यतिक्रम (Default) अथवा बैंक द्वारा परिसमापन घोषित किये जाने की स्थिति में, उसके पश्चात ब्याज उपादान प्रदान नहीं किया जायेगा तथा नोडल संस्था/प्रदेश सरकार द्वारा नियमानुसार उपयुक्त कार्यवाही की जायेगी।

11 निरस्तीकरण की प्रक्रिया -

निवेशक द्वारा प्राप्त किये गये लाभों के उपरान्त यदि किसी समय यह पाया जाता है कि निवेशक/ इकाई द्वारा दी गयी सूचनायें गलत हैं, अथवा तथ्यों को छुपाकर गलत आंकड़ों /अभिलेखों के आधार पर छूट/ प्रतिपूर्ति प्राप्त की गयी है तो उपलब्ध करायी गई धनराशि 15 प्रतिशत ब्याज सहित प्राप्त की जायेगी तथा धनराशि वापस न करने पर यह धनराशि भू-राजस्व बकाये के रूप में वसूल की जायेगी, साथ ही निवेशक/ इकाई के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही भी अमल में लायी जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

12 प्रशासनिक व्यय -

रु0- 200 करोड़ से कम निवेश वाली इकाईयों के मामले में स्वीकृत वित्तीय लाभों की राशि के 1 प्रतिशत तथा रु0- 200 करोड़ से अधिक निवेश वाली इकाईयों के मामले में स्वीकृत वित्तीय लाभों की राशि के 0.5 प्रतिशत के समतुल्य प्रशासनिक व्यय के रूप में नोडल संस्था यूपीएलसी को प्राप्त होगी, जिसे संवितरण की धनराशि से कटौती कर लिया जाएगा। उक्त धनराशि में नोडल संस्था द्वारा चयनित मूल्यांकनकर्ताओं एवं चार्टर्ड एकाउन्टेण्ट्स/ मान्यता प्राप्त वैल्युअर्स/ अभियन्ताओं के माध्यम से निवेशक द्वारा किए गए पूंजी निवेश के सत्यापन में हुए व्यय की धनराशि भी सम्मिलित है।

13 **विविध -**

13.1 इस नीति के अन्तर्गत बजट प्राविधानों के लिए लेखा शीर्ष वित्त विभाग द्वारा आवंटित किया जाएगा। इस सन्दर्भ में सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग नियंत्रण एवं प्राक्कलन हेतु अधिकृत (Controlling and Estimates Authority) होगा तथा बजट अनुमानों/ पुनरीक्षित अनुमानों तथा अनुपूरक मांगों को प्रासंगिक लेखा शीर्ष के अंतर्गत प्रस्तुत करेगा।

13.2 बजटीय प्राविधान से धनराशि अवमुक्त करने की व्यवस्था का निर्णय सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग द्वारा वित्त विभाग के परामर्श से किया जायेगा।

13.3 नीति के कार्यान्वयन की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी। नीति के कार्यान्वयन तथा धनराशि जारी करने की प्रक्रिया की समीक्षा नीति कार्यान्वयन इकाई द्वारा की जाएगी।

13.4 नीति की व्यवस्था पर किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता होने की दशा में नीति कार्यान्वयन इकाई की संस्तुति पर मा0 विभागीय मंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त ऐसा स्पष्टीकरण प्रदान किया जाएगा। राज्य सरकार का निर्णय अन्तिम और सभी के लिए बाध्यकारी होगा।

13.5 इसके अतिरिक्त समय की आवश्यकताओं के अनुरूप नीति में किसी प्रकार का परिवर्तन सशक्त समिति की संस्तुति के उपरान्त मा0 मुख्यमंत्री जी के अनुमोदनोपरान्त किया जा सकेगा।

13.6 किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में लखनऊ (उत्तर प्रदेश) स्थित न्यायालयों में ही वाद दायर किया जा सकेगा।

13.7 वित्तीय प्रोत्साहनों के वितरण के सम्बन्ध में आने वाले सभी व्यय जिसमें आवश्यकतानुसार विधिक विलेख निष्पादित करने में आने वाले व्यय, स्टैम्प शुल्क, अधिवक्ता, सालिस्टर शुल्क व अन्य आनुसंगिक व्यय शामिल हैं, पात्र इकाई के द्वारा देय होगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

14- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक यथोक्त

भवदीय,
अरविन्द कुमार
अपर मुख्य सचिव

सँख्या-22/2021/1274(1)/78-2-2021 एवं तद्दिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
2. अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उ0प्र0।
3. अपर मुख्य सचिव, मा. मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
4. स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
5. कार्यकारी निदेशक, इन्वेस्ट यूपी, लखनऊ
6. समस्त मण्डलायुक्त/ जिलाधिकारी, उ0प्र0।
7. प्रबन्ध निदेशक, यूपीएलसी, लखनऊ को उनके पत्र संख्या- यूपीएलसी :डाटा सेन्टर :2021-22/550 दिनांक 30-06-2021 एवं समसंख्यक पत्र दिनांक 13-08-2021 के क्रम में।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
कुमार विनीत
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संलग्नक–1
शासनादेश का प्रस्तर 4.4

जनपदों की क्षेत्रवार सूची

पूर्वान्चल	बुन्देलखण्ड	पश्चिमांचल
अयोध्या मण्डल	झांसी मण्डल	आगरा मण्डल
1. अयोध्या	1. झांसी	1. आगरा
2. अम्बेडकरनगर	2. जालौन	2. फिरोजाबाद
3. बाराबंकी	3. ललितपुर	3. मैनपुरी
4. सुल्तानपुर	चित्रकूट	4. मथुरा
5. अमेठी	4. बांदा	अलीगढ मण्डल
गोरखपुर मण्डल	5. चित्रकूट	5. अलीगढ़
6. गोरखपुर	6. हमीरपुर	6. हाथरस
7. देवरिया	7. महोबा	7. कासगंज
8. महाराजगंज		8. एटा
9. कुशीनगर		मुरादाबाद मण्डल
प्रयागराज मण्डल	मध्यॉचल	9. मुरादाबाद

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

10. प्रयागराज	कानपुर मण्डल	10. बिजनौर
11. कौशाम्बी	1. कानपुर नगर	11. सम्भल
12. फतेहपुर	2. कानपुर देहात	12. रामपुर
13. प्रतापगढ़	3. इटावा	13. अमरोहा
वाराणसी मण्डल	4. औरैया	मेरठ मण्डल
14. वाराणसी	5. फर्रूखाबाद	14. मेरठ
15. चन्दौली	6. कन्नौज	15. बुलन्दशहर
16. जौनपुर	लखनऊ मण्डल	16. हापुड़
17. गाजीपुर	7. लखनऊ	17. बागपत
मिर्जापुर मण्डल	8. हरदोई	18. गौतमबुद्ध नगर
18. मिर्जापुर	9. लखीमपुर खीरी	19. गाजियाबाद
19. संतरविदास नगर	10. रायबरेली	सहारनपुर मण्डल
20. सोनभद्र	11. सीतापुर	20. मुज़फ्फरनगर
आजमगढ़ मण्डल	12. उन्नाव	21. शामली
21. आजमगढ़		22. सहारनपुर
22. बलिया		बरेली मण्डल
23. मऊ		23. बरेली
देवीपाटन मण्डल		24. बदायूँ
24. गोण्डा		25. पीलीभीत
25. बहराइच		26. शाहजहॉपुर
26. बलरामपुर		
27. श्रावस्ती		
बस्ती मण्डल		
28. बस्ती		
29. संतकबीरनगर		
30. सिद्धार्थनगर		

संलग्नक–2

(शासनादेश का प्रस्तर–5.1.3.1 तथा 5.2.2.1)

"उत्तर प्रदेश डाटा सेन्टर नीति 2021" के अन्तर्गत डाटा सेन्टर पार्क/इकाई द्वारा स्टैम्प शुल्क से छूट हेतु दिये गये आवेदन–पत्र पर प्रमाणीकरण संस्था का प्रमाण पत्र

1– डाटा सेन्टर पार्क/इकाई का नाम .....

2– डाटा सेन्टर पार्क/इकाई का पता .....

.....

.....

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3– डाटा सेन्टर पार्क/इकाई का स्वरूप (प्रोपराइटरशिप/पार्टनरशिप/कॉरपोरेशन/लिमिटेड कम्पनी/को–आपरेटिव सोसायटी/स्थानीय निकाय/राजकीय विभाग) .....

.....

4– पैन नम्बर .....

5– डाटा सेन्टर पार्क/इकाई का स्वामी/प्रवर्तक/साझेदारों/निदेशकों के नाम पता एवं सम्पर्क विवरण (निवास के प्रमाण सहित)

नाम

पता

आधार संख्या

दूरभाष संख्या

फैक्स संख्या

मोबाईल संख्या

ई–मेल

वेबसाइट

6– उद्यम पंजीकरण का विवरण – संख्या

दिनांक

(साक्ष्य के रूप में पंजीकरण की छाया प्रति संलग्न करें)

7– डाटा सेन्टर क्षमता (मेगावाट में)

.....

8– भूमि क्रय/लीज पर प्राप्त करने का प्रयोजन

.....

9– डाटा सेन्टर पार्क/इकाई के वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ होने की प्रस्तावित तिथि

.....

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

10– केन्द्र या राज्य सरकार अथवा केन्द्र या राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन निगम, परिषद, कम्पनी, संस्था का नाम जहॉ से भूमि क्रय/लीज पर प्राप्त की गयी है।

.....

11– वित्तीय संस्था का नाम जहॉ से ऋण प्राप्त किया गया हो/जा रहा हो।

.....

12– वित्तीय संस्था द्वारा स्वीकृत ऋण की धनराशि व दिनांक .....

.....

(साक्ष्य के रूप में वित्तीय संस्था द्वारा जारी स्वीकृत ऋण प्रपत्र एवं अनुबंध पत्र की प्रति संलग्न करें)

13– स्टाम्प शुल्क से छूट प्राप्त करने योग्य ट्रॉजेक्शन संख्या एवं प्रतिशत .....

.....

14– स्टाम्प शुल्क से छूट प्राप्त करने वाली धनराशि .....

15– यदि इकाई द्वारा उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य किसी संस्था/निजी स्रोत से भी भूमि क्रय/लीज पर प्राप्त किया गया है तो उसका सम्पूर्ण विवरण

(साक्ष्य के रूप में संस्था द्वारा जारी प्रपत्र एवं अनुबंध पत्र की प्रति संलग्न करें)

.....

.....

16– स्टाम्प शुल्क से छूट प्राप्त करने हेतु भूमि का विवरण

क्र.सं.	भूमि का विवरण (खसरा)	क्षेत्रफल एकड़ में एवं दर	भूमि का कुल मूल्य
1			
2			
3			
	कुल योग		

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

प्रमाणित किया जाता है कि डाटा सेन्टर पार्क/इकाई द्वारा दिये गये संलग्न अनुबन्ध में निर्धारित शर्तों का उल्लेख करते हुये विक्रय/पट्टा विलेख के निबन्धन हेतु वाणिज्यिक उत्पादन पॉलिसी की वैधता अवधि में करने का आश्वासन दिया गया है और उसमें विलम्ब की स्थिति में स्टैम्प ड्यूटी में देय छूट के समतुल्य धनराशि की बैंक गारण्टी को निबन्धन विभाग द्वारा भुनाकर धनराशि को निबन्धन विभाग के उपयुक्त लेखा शीर्षक में जमा करायें जाने की बाध्यता का भी उल्लेख किया गया है।

डाटा सेन्टर पार्क/इकाई के सन्दर्भ में दी गयी सूचना अनुबन्ध व उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार है तथा समस्त विवरण सत्य हैं जिसके आधार पर स्टैम्प ड्यूटी में देय कुल रू0 .. .. की छूट दिये जाने की अनुशंसा की जा रही है।

अधिकृत प्राधिकारी के हस्ताक्षर एवं सील

दिनांक :

स्थान :

संलग्नक–3

(शासनादेश का प्रस्तर–5.1.3.3 तथा 5.2.2.3)

''उ0प्र0 डाटा सेन्टर नीति 2021'' के अन्तर्गत डाटा सेन्टर पार्क/इकाई द्वारा स्टैम्प शुल्क से छूट हेतु रखी गयी बैंक गारण्टी को अवमुक्त करने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन/नोडल संस्था द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण पत्र

1– डाटा सेन्टर पार्क/इकाई का नाम .....

2– डाटा सेन्टर पार्क/इकाई का पता .....

.....

.....

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3– प्राप्त किये गये भूमि के क्रय/लीज का प्रयोजन

.....

4– डाटा सेन्टर पार्क/इकाई के वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ होने की तिथि .....

5– जमा किये गये बैंक गारण्टी का विवरण तिथि सहित .....

6– स्टाम्प शुल्क से छूट प्राप्त की गयी धनराशि का विवरण .....

7– स्टाम्प शुल्क से छूट प्राप्त की गयी भूमि का विवरण

क्र.सं.	भूमि का विवरण (खसरा)	क्षेत्रफल एकड़ में	भूमि का कुल क्षेत्रफल जो निहित उद्देश्य से आच्छादित है।
1			
2			
3			
	कुल योग		

प्रमाणित किया जाता है कि डाटा सेन्टर पार्क/इकाई द्वारा उपरोक्तानुसार वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक ..... को प्रारंभ कर दिया गया है। उपलब्ध कराये गये अभिलेखानुसार स्टाम्प शुल्क से छूट प्राप्त की गयी भूमि का भौतिक सत्यापन करने के उपरान्त डाटा सेन्टर पार्क/इकाई के द्वारा जमा किये गये बैंक गारण्टी को इकाई को वापस किये जाने की संस्तुति की जाती है।

डाटा सेन्टर पार्क/इकाई के सन्दर्भ में दी गयी सूचना अनुबन्ध व उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार है तथा समस्त अंकित विवरण सत्य हैं जिसके आधार पर स्टैम्प ड्यूटी में देय कुल रू0 ..... की छूट हेतु जमा की गयी बैंक गारण्टी वापस किये जाने की अनुशंसा की जा रही है।

अधिकृत प्राधिकारी के हस्ताक्षर एवं सील

दिनांकः

सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन/
नोडल संस्था

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

स्थानः

1. उप निबंधक, निबंधन .....

2. महा निरीक्षक, निबंधन, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

सलग्नक–4

(संदर्भः शासनादेश का प्रस्तर 7.1)

कम्पनी के लेटर हेड पर

तिथि : / / 20....

अपर मुख्य सचिव

आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग

उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ

विषयः उ0प्र0 डाटा सेन्टर नीति 2021 के अन्तर्गत परियोजना अनुमोदन हेतु आवेदन

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

महोदय,

यह डाटा सेन्टर पार्क/इकाई (क्षमताः .....मेगावाट) की स्थापना के प्रयोजन से .... उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित हमारे निवेश प्रस्ताव के सन्दर्भ में है।

हम एतद्द्वारा उ0प्र0 डाटा सेन्टर नीति 2021 के अन्तर्गत परियोजना के अनुमोदनार्थ अपना अनुरोध प्रस्तुत करना चाहते हैं जिसमें दिनॉक ..... से ..... तक रु ..... करोड़ का निवेश प्रस्तावित है।

नीति के तहत हम पात्र प्रोत्साहनों के अनुमोदन और संवितरण के लिए शासकीय सहायता की प्रत्याशा करते हैं। परियोजना की प्रमुख विशेषतायें निम्नानुसार हैंः–

I. **परियोजना का स्थान : .....**
II. **प्रस्तावित क्षमता (मेगावाट में)**
III. **निवेश रु .....करोड़ (कुल)**
   - प्रथम चरण – रु .....करोड़ – .....से .....तक
   - द्वितीय चरण – रु .....करोड़ – .....से .....तक (यदि लागू हो)
   - तृतीय चरण – रु .....करोड़ – .....से .....तक (यदि लागू हो)

   (आवश्यकतानुसार, अन्य चरण जोड़ें)

IV. **रोजगार सृजनः कुल ..... (प्रत्यक्ष ....., अप्रत्यक्ष.....)**
V. **भूमि आवश्यकता .....एकड़ (कुल)**
   - प्रथम चरण – .....एकड़
   - द्वितीय चरण – .....एकड़ (यदि लागू हो)
   - तृतीय चरण – .....एकड़ (यदि लागू हो)

VI. **मांगे गये वित्तीय प्रोत्साहन : रु .....करोड़**
VII. **विद्युत आवश्यकता (आईटी लोड): .....**
VIII. **जल आवश्यकता : .....**
IX. **कोई अन्य आवश्यकता: .....**

हम संक्षेप में निम्नवत् प्रदर्शित प्रोत्साहनों हेतु राज्य सरकार से सहायता का अनुरोध करते हैंः–

कम स0	उपादान	पात्साहन का विवरण	धनराशि (रु कराड)
1	पूँजी उपादान		
2	स्टाम्प ड्यूटी		
3	ब्याज उपादान		

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

4	विद्युत शुल्क से छूट		
5	भूमि उपादान		
6	कोई अन्य उपादान		
		योग	

हम पुष्टि करते हैं कि उपरोक्त प्रदर्शित सूचना हमारी जानकारी के अनुसार सही है तथा किसी विचलन की स्थिति में हम उसे तत्काल सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के संज्ञान में लायेंगे।

हम पुष्टि करते हैं कि हम उ0प्र0 डाटा सेन्टर नीति–2021 के अन्तर्गत समय–समय पर निर्गत शासनादेशों से बाध्य होंगे तथा उनका अनुपालन करेंगे।

हम समझते हैं कि उपरोक्त मांगे गये प्रोत्साहन राज्य सरकार द्वारा अनुमोदन के अधीन हैं और इसके सम्बन्ध में लिया गया निर्णय अन्तिम और बाध्यकारी होगा।

धन्यवाद,

.....

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम :.....

कम्पनी की मुहर

संलग्नकः विस्तृत परियोजना रिपोर्ट सहित आरम्भिक निवेश प्रस्ताव

संलग्नक–4

(संदर्भः शासनादेश का प्रस्तर 7.1)

On Company's Letter Head

Date: …/…/ 20…..

Additional Chief Secretary

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

IT & Electronics Department

Govt. of Uttar Pradesh, Lucknow

Subject: Application for project approval under UP Data Center Policy 2021

Dear Sir,

This is in reference to our investment proposed at …… Uttar Pradesh for the purpose of setting up of Data Center Park/Unit of (Capacity in MW……).

We would like to submit herein our request for approval under Uttar Pradesh Data Center Policy 2021 for investment value worth INR ……..…Crore to be invested from….DDMMYYY to ……DDMMYYY…..

We are looking forward to government support for approval and disbursement of eligible incentives under the policy. The highlights of the project are as follows:

X. Location of the project: ……
XI. Proposed capacity (in MW)
XII. Investment**: INR … Cr (Total)**
- **Phase 1** – INR …Cr, **Year** – From…… to……
- **Phase 2** – INR …..Cr, **Year** – From…… to .....(If applicable)
- **Phase 3** – INR …..Cr, **Year** – From…… to .....(If applicable)

(Add more phases, if required)

XIII. Employment Generation: Total - ……, (Direct …… Indirect……)
XIV. Land requirement**: …… Acres (Total)**
- **Phase 1 .....** Acres
- **Phase 2 .....** Acres (If applicable)
- **Phase 3 .....** Acres(If applicable)

XV. Fiscal Incentives Sought: INR …… Cr..…….
XVI. Power Requirement **(IT Load) : ……**
XVII. Water Requirements**: ……..**
XVIII. Any other Requirements **……**

We request the state Govt. support for the following incentives summarized below:

S.No.	Subsidy	Details of Incentive	INR (Crores)
1.	Capital Subsidy		
2.	Stamp duty		
3.	Interest Subsidy		

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

4.	Electricity Duty Exemption		
5.	Land Rebate		
6.	Any other subsidy		
		Total	

We confirm that the above information furnished is correct to the best of our knowledge and in case of any deviation we'll bring it to the notice of the IT & Electronics Department, GoUP immediately.

We confirm that we shall be binding with the Government Orders released under the UP-Data Centre Policy 2021 from time to time and shall abide by it.

We understand that the above incentives sought are subject to the approval of the State Government and decisions in this regard shall be final and binding.

Thanking you,

……..

Authorized Signatory Name:

Company Seal:

Enclosed: Initial Investment Proposal Form alongwith Detailed Project Report

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

निवेश प्रस्ताव प्रपत्र

(संलग्नक–4 का अनुलग्नक)

क्रम सं0	विवरण	वाँछित विवरण
कम्पनी प्रोफाइल		
1.	कम्पनी का नाम	
2.	मूल देश	
3.	कम्पनी की संक्षिप्त प्रोफाइल	
4.	निगमन की तिथि	
5.	अंशधारिता का स्वरूप	
6.	निदेशकों के नाम	
7.	कार्यकारी प्रबन्धन का विवरण	
8.	भारत में डाटा सेन्टर पार्क्स/इकाइयॉ	
9.	उत्तर प्रदेश में डाटा सेन्टर पार्क्स/इकाइयॉ, यदि हों	
10.	तकनीकी साझेदार	
वित्तीय स्थिति		
11.	पिछले पॉच वर्षों में टर्नओवर	
12.	पिछले पॉच वर्षों में शुद्ध लाभ	
परियोजना विवरण		
13.	परियोजना के बारे में संक्षिप्त विवरण	
14.	परियोजना की क्षमता (मेगावाट में)	
15.	निवेश मूल्य (रु करोड़)	
16.	परियोजना का स्थान एवं पता	
17.	वित्तपोषण के माध्यम	प्रकार: धनराशि (रु करोड)
		प्रवर्तकों/साझेदारों/अंशधारकों से ईक्विटी:
		सावधि ऋण:
		किराया क्रय:
		लीजिंग:
		सार्वजनिक निर्गम:
		प्रेफरेन्शियल निर्गम:
		अन्य:
		कुल:
18.	**सम्भावित रोजगार सृजन**	**प्रकार / पुरुष / महिला / कुल**
		प्रत्यक्ष:
		अप्रत्यक्ष:
		कुल:
19.	परियोजना कितने चरणों में प्रस्तावित है (कृपया निवेश धनराशि का चरण–वार विवरण, रु करोड़ में प्रदान करें)	
20.	परिचालन प्रारम्भ की अनुमानित तिथि	
21.	अनुमानित टर्नओवर (प्रथम 10 वर्षों में)	
उत्तर प्रदेश सरकार से माँग		
22.	उ0प्र0 डाटा सेन्टर नीति 2021 के अन्तर्गत मॉगें गये वित्तीय प्रोत्साहन	

23.	उ0प्र0 डाटा सेन्टर नीति 2021 के अन्तर्गत मॉगें गये गैर वित्तीय प्रोत्साहन	
24.	कोर इन्फ्रास्ट्रक्चर आवश्यकता (जल, विद्युत – क्रिटिकल आईटी और गैर आईटी आदि)	
25.	वॉंछित भूमि (यदि हॉ, कृपया क्षेत्रफल, प्राधिकरण और लागत सहित भूमि का विवरण प्रदान करें) – चरणवार	
26.	कोई अन्य अपेक्षित सहायता	
वॉंछित सहायक दस्तावेज		
27.	(क) उद्यम के मेमोरेण्डम की प्रति (भाग 1 व 2) (ख) यदि साझेदारी उद्यम है तो साझेदारी विलेख की प्रति, यदि लिमिटेड कम्पनी है तो मेमोरेण्डम तथा आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन की प्रति – प्रबन्ध निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित (ग) यदि उद्यम अपनी भूमि पर कार्यरत है तो भूमि की क्रय विलेख – आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित (घ) यदि उद्यम किराये की भूमि/भवन में कार्यरत है तो वाणिज्यिक परिचालन की तिथि से कम से कम 10 वर्षों की अवधि के लिए निष्पादित लीज अनुबन्ध की प्रति (च) बैंक/संस्थागत वित्त पोषित उद्यम की दशा में बैंक/वित्तीय संस्थान द्वारा ऋण स्वीकृति पत्र की प्रति **अपेक्षित अतिरिक्त दस्तावेज** **(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित)** • निगमन प्रमाण–पत्र • कम्पनी के वित्तीय अभिलेख (ऑडिट रिपोर्ट, बैलेन्स शीट इत्यादि,) (यदि लागू हों तो) • भारतीय रिजर्व बैंक से एफ.डी.आई. पावती की प्रति (यदि लागू हों तो) **विस्तृत परियोजना रिपोर्ट**	

प्राधिकृत निदेशक के हस्ताक्षर

नाम : .....

कॉन्टैक्ट नॅ0 .....

ई–मेलः .....

कम्पनी का पता .....

INVESTMENT PROPOSAL FORM

(Enclosure of संलग्नक–4)

S. No.	Particulars	Details Required
Company Profile		
1.	Company Name	
2.	Origin Country	
3.	Brief profile of the company	
4.	Date of Incorporation	
5.	Shareholding pattern	
6.	Name of Directors	
7.	Details of Executive Management	
8.	Number of DC Parks/Units in India, if any	
9.	Details of DC Parks/ units in Uttar Pradesh, if any	
10.	Technology Partner	
Financial Status		
